# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 10845 / एम–6 / 174 दिनांक 31.08.2026

विषयः– जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 30.08.2026 को "जल जीवन मिशन, दो साल बाद भी नहीं पहुंचा पानीः बल्लीपरवा न्याय पंचायत में ग्रामीण आकोशित, योजना फ्लाप " शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 30.08.2026 को "जल जीवन मिशन, दो साल बाद भी नहीं पहुंचा पानीः बल्लीपरवा न्याय पंचायत में ग्रामीण आकोशित, योजना फ्लाप" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोन में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम कोल्हुआ, गहिया एवं रामपुर में आई0एम0आई0एस0 के अनुसार कमशः 47, 221 एवं 405 के सापेक्ष 47, 221 एवं 405 नग नल कनेक्शन प्रदान किये गये है ग्राम कोल्हुआ के समस्त 47 नग नल कनेक्शनों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। ग्राम गहिया में प्रदान किये गये 221 नग नल कनेक्शनों के सापेक्ष 70 नग नल कनेक्शनों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है, जिसका कारण मुख्य पेयजल पाइप लाइन का क्षतिग्रस्त होना है। उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन मरम्मतीकरण दिनांक 16.09.2026 तक पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। ग्राम रामपुर में प्रदान किये गये 405 नग नल कनेक्शनों के सापेक्ष 260 नग नल कनेक्शनों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है, जिसका कारण पाइप लाइन चोकेज होना है। उक्त पाइप लाइन चोकेज मरम्मतीकरण कार्य पूर्ण कर दिनांक 16.09.2026 तक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। समाचार पत्र में वर्णित "टंकी का निर्माण कार्य अधूरा" के कम में अवगत कराना है कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त टंकियों का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है। समाचार पत्र में वर्णित मोटर खराब होने के कम में अवगत कराना है कि उपरोक्त वर्णित ग्रामों में जलापूर्ति किये जाने हेतु अधिष्ठापित नलकूप की मोटर कियाशील है।





भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता